https://www.cgboardonline.com

Name : ..........................................................................................................................

Roll No. : ..............................................

# नवीन पाठ्यक्रम / New Syllabus

कुल प्रश्नों की संख्या : **17+6+6=29** ]
Total No. of Questions : **17+6+6=29** ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **16**
[ Total No. of Printed Pages : **16**

# O-212301–A

## विषय : लेखाशास्त्र

## Subject : Accountancy

समय : **3 घण्टे** ]
Time : **3 hours** ]

[ पूर्णांक : **80**
[ Maximum Marks : **80**

***महत्वपूर्ण निर्देश*** :
***Important Instructions*** :

(*i*) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है—(अ), (ब) एवं (स)।
Question paper is divided in three Sections–(A), (B) and (C).

(*ii*) खण्ड (*अ*) के **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
**All** questions of Section (A) are compulsory.

(*iii*) खण्ड (ब) एवं (स) में से कोई भी **एक** खण्ड हल करना है।
Solve any **one** Section from Sections (B) and (C).

(*iv*) प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।
Write all answers of each section in same place.

(*v*) अधिकतम शब्द-सीमा का उल्लेख सिर्फ सैद्धांतिक प्रश्नों के लिए है।
Maximum word-limit is only for the theoretical questions.

https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



## खण्ड-( अ ) / Section-(A)

## साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन
## (Partnership Firms and Company Accounting)

*निर्देश* : खण्ड-(अ) के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न क्रमांक 1 से 6 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में देना है तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्न भी हैं।

***Instruction*** : **All** questions of Section-(A) are compulsory. Question Nos. 1 to 6 are very short answer type questions carrying 1 mark each. Answer these questions in *1* word or *1* sentence and also include objective type questions.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

Objective type questions :

**प्रश्न-1** चालू खाता है :

(*अ*) व्यक्तिगत खाता (*ब*) वास्तविक खाता

(*स*) नाममात्र खाता (*द*) इनमें से कोई नहीं [1]

Current A/c is :

(*a*) Personal A/c (*b*) Real A/c

(*c*) Nominal A/c (*d*) None of these

**प्रश्न-2** अधिलाभ का अर्थ है :

(*अ*) कुल लाभ/वर्षों की संख्या (*ब*) औसत लाभ-सामान्य लाभ

(*स*) भारित लाभ (*द*) इनमें से कोई नहीं [1]

Super-profit means :

(*a*) total profit/no. of years (*b*) average profit-normal profit

(*c*) weighted profit (*d*) None of these

**प्रश्न-3** अंशों का निर्गमन किया जा सकता है :

(*अ*) सममूल्य पर (*ब*) बट्टे पर

(*स*) प्रीमियम पर (*द*) उपर्युक्त सभी [1]

Shares can be issued :

(*a*) at par (*b*) at discount

(*c*) at premium (*d*) All of the above



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-4** ख्याति के मूल्यांकन का आधार क्या है ? [1]

What is the base of valuation of goodwill?

**प्रश्न-5** साझेदार फर्म से कब अलग हो सकता है ? [1]

When can a partner retire from the firm?

**प्रश्न-6** सार्वजनिक कम्पनी में न्यूनतम कितने सदस्य होते हैं ? [1]

How many minimum members are there in Public Limited Company?

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है।

***Instruction*** : Question Nos. **7** to **10** are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Maximum word-limit of answer is *50* words.

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-7** एक कम्पनी ने ₹ 20 वाले 15000 समता अंश जनता को जारी किए। संपूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

A company issued 15000 equity shares of ₹ 20 each to the public. All amounts have been received in lump-sum. Pass necessary Journal Entries in the books of company. https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-8** एक कम्पनी ने ₹ 20 वाले 25000, 8% पूर्वाधिकार अंश जनता को जारी किया। संपूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

A company issued 25000, 8% preference shares of ₹ 20 each to the public. Whole amount was received in lump-sum. Pass necessary Journal Entries in the books of the company.

**प्रश्न-9** एक कम्पनी ने ₹ 72,000 मूल्य की संपत्ति क्रय की। इसके भुगतान में ₹ 100 वाले पूर्णदत्त समता अंश निर्गमित किए। पंजी प्रविष्टियाँ दीजिए, यदि अंश सममूल्य पर निर्गमित हैं। [3]

A company purchased assets worth ₹ 72,000. It issued fully paid-up equity shares of ₹ 100 each. Give Journal Entries, if the shares were issued at par.



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



प्रश्न-10 साझेदारी संलेख क्या है ? [3]

What is Partnership Deed?

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक 11 एवं 12 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

***Instruction*** : Question Nos. **11** and **12** are short answer type questions. Each question carries 4 marks and has internal choice.

प्रश्न-11 एक व्यवसाय की विनियोजित पूँजी ₹ 1,00,000 है। इस प्रकार के व्यवसाय में 10% आय अपेक्षित है। पिछले तीन वर्षों का औसत लाभ ₹ 12,000 है। साझेदारी संलेख के अनुसार, ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर बराबर करना है। ख्याति का मूल्य निकालिए। [4]

Capital employed by a firm is ₹ 1,00,000. Normal return of business is expected at 10%. Average profit of last three years is ₹ 12,000. According to partnership deed, goodwill is valued at two years' purchase of super-profit. Calculate the value of goodwill..

***अथवा / OR***

आलोक और अशोक एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 20,000 और ₹ 16,000 है। अशोक प्रति माह ₹ 600 वेतन पाने का अधिकारी है। पूँजी पर 6% वार्षिक ब्याज दिया जाता है। उस वर्ष का लाभ उपर्युक्त समायोजन के पूर्व ₹ 12,000 था। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

Alok and Ashok are equal partners in a firm. Their capitals are ₹ 20,000 and ₹ 16,000 respectively. Ashok is entitled to get salary of ₹ 600 per month. Interest on capital is 6% p.a. The profit of the firm before the above adjustment was ₹ 12,000. Prepare Profit and Loss Adiustment Account.

प्रश्न-12 स्थायी एवं परिवर्तनशील पूँजी खाते में कोई **चार** अंतर लिखिए। [1×4=4]

Distinguish between Fixed Capital and Fluctuating Capital Account (any ***four***).



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com


**अथवा / OR**

ख्याति उत्पत्ति के कोई **चार** कारण लिखिए।

Write any **four** causes of creation of goodwill.

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक **13** से **15** तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

***Instruction*** : Question Nos. **13** to **15** are long answer type questions. Each question carries 6 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-13** 'अ' एवं 'ब' एक फर्म में समान साझेदार हैं। वे 'स' को फर्म में नया साझेदार बनाने को सहमत हैं। 31 दिसम्बर, 2016 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित है :

**चिट्ठा**

(31 दिसम्बर, 2016)

| दायित्व | | राशि (₹) | संपत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 10,000 | रोकड़ शेष | 2,000 |
| देय विपत्र | | 8,000 | देनदार | 7,000 |
| पूँजी— | (₹) | | स्कंध | 3,600 |
| 'अ' | 6,000 | | फर्नीचर | 400 |
| 'ब' | 4,000 | 10,000 | संयंत्र | 15,000 |
| | | **28,000** | | **28,000** |

**समायोजन :** 'स' के प्रवेश के पूर्व निम्नलिखित समायोजन किए जाने हैं—

(*i*) फर्नीचर का मूल्य ₹ 250 दिखाना है।

(*ii*) संदिग्ध ऋणों हेतु ₹ 300 का प्रावधान किया जाना है।

(*iii*) ₹ 600 विनियोग दर्शाना है।

(*iv*) नया साझेदार 'स' ₹ 4,000 पूँजी व ₹ 3,000 ख्याति के लिए लाता है।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइए। [6]


https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



A and B are equal partners in a firm. They admitted C as a new partner. Their Balance Sheet on 31st December, 2016 is as follows :

**Balance Sheet**

(as on 31st December, 2016)

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 10,000 | Cash Balance | 2,000 |
| Bills Payable | | 8,000 | Debtors | 7,000 |
| Capital– | (₹) | | Stock | 3,600 |
| *A* | 6,000 | | Furniture | 400 |
| *B* | 4,000 | 10,000 | Plant | 15,000 |
| | | **28,000** | | **28,000** |

The following adjustments are to be made before C's admission–

(*i*) Furniture's value ₹ 250.

(*ii*) The provision of undisclosed ₹ 300 on debtors.

(*iii*) Investment ₹ 600.

(*iv*) Newly admitted partner C brought ₹ 4,000 for capital and ₹ 3,000 for goodwill.

On the basis of above information prepare Revaluation A/c.

***अथवा / OR***

'अ' और 'ब' एक फर्म में साझेदार हैं जो 3:2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। उन्होंने 'स' को $\frac{1}{5}$ भाग के लिए साझेदार बनाया। 'स' ₹ 30,000 पूँजी के लिए व अपने भाग की कुल ख्याति ₹ 16,000 में से ₹ 10,000 नकद लाता है। आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

A and B are partners sharing profit and loss in the ratio of 3:2. They admit C for $\frac{1}{5}$ for share. C paid ₹ 30,000 for capital and ₹ 10,000 out of his share of goodwill ₹ 16,000. Pass necessary Journal Entries.



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



प्रश्न-14 'अ' और 'ब' एक फर्म में साझेदार हैं। वे लाभ-हानि 3:1 के अनुपात में बाँटते हैं। 31 दिसम्बर, 2018 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित है :

**चिट्ठा**

(31 दिसम्बर, 2018)

| दायित्व | | राशि (₹) | संपत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 45,000 | देनदार | 20,000 |
| 'अ' का ऋण | | 20,000 | विविध संपत्तियाँ | 70,000 |
| पूँजी— | (₹) | | | |
| 'अ' | 10,000 | | | |
| 'ब' | 15,000 | 25,000 | | |
| | | **90,000** | | **90,000** |

इस तिथि को फर्म का विघटन हुआ। देनदारों से ₹ 15,000 एवं विविध सम्पत्ति से ₹ 60,000 वसूल हुए। वसूली खाता बनाइए। [6]

*A* and *B* are partners in a firm, sharing profits and losses in the ratio of 3:1. Their Balance Sheet on 31st December, 2018 stood as follows :

**Balance Sheet**

(as on 31st December, 2018)

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 45,000 | Debtors | 20,000 |
| *A*'s Loan | | 20,000 | Sundry Assets | 70,000 |
| Capital– | (₹) | | | |
| *A* | 10,000 | | | |
| *B* | 15,000 | 25,000 | | |
| | | **90,000** | | **90,000** |

They decided to dissolve the firm on that date. Debtors realized ₹ 15,000 and Sundry Assets realized ₹ 60,000. Prepare Realization A/c.



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com


**अथवा / OR**

उपर्युक्त प्रश्न के व्यवहारों के आधार पर आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

On the basis of deals of the above question, pass necessary Journal Entries.

प्रश्न-15 एक कम्पनी ने ₹ 100 वाले 2000, 5% ऋणपत्र निर्गमित किए। ₹ 10 आवेदन पर, ₹ 40 आबंटन पर व शेष प्रथम व अंतिम माँग पर देय हैं। समस्त राशि प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [6]

A company issued 2000, 5% debentures of ₹ 100 each. Amounts are payable ₹ 10 on application, ₹ 40 on allotment and the balance on first and final call. All the amounts were duly received. Pass necessary Journal Entries in the books of company.

**अथवा / OR**

फाइन आर्ट लिमिटेड ने ₹ 10 प्रति अंश के 10000 अंश जनता को निर्गमित किए, जिनको ₹ 4 आवेदन पर, ₹ 3 आबंटन पर एवं ₹ 3 प्रथम और अंतिम माँग पर देय हैं। सभी राशि प्राप्त कर ली गई। कम्पनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

Fine Art Ltd. issued to the public for subscription of 10000 shares of ₹ 10 each, payable at ₹ 4 on application, ₹ 3 on allotment and ₹ 3 on first and final call. All the money were duly received. Write the Journal Entries in the books of company.

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **16** एवं **17** संख्यात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

***Instruction*** : Question Nos. **16** and **17** are numerical questions. Each question carries 8 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न-16 *X, Y, Z* साझेदार हैं जिनका लाभ-विभाजन अनुपात 3 : 2 : 1 है। 31 दिसम्बर 2010 से *X* फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। उसके हिस्से की राशि का निर्धारण ₹ 20,000 किया गया। यह निश्चय किया गया कि उसे प्रति वर्ष ₹ 3,000 वार्षिक वृत्ति पद्धति से भुगतान किया जाएगा। यह भुगतान प्रति वर्ष की 1 जनवरी को किया जाएगा। प्रथम चार वर्षों का वार्षिक वृत्ति लेखा यह मानकर बनाइए कि ब्याज की दर 6% प्रति वर्ष है। [8]


https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



X, Y and Z are partners sharing profit in the ratio of 3 : 2 : 1. X retires from the firm on 31st December, 2010. The determined amount of his share is ₹ 20,000. It is agreed that this should be paid by annuity of ₹ 3,000. The first payment to be paid on the following day and the subsequent payment on 1st January of each year. Prepare the Annuity Suspense A/c for 4 years charging interest @ 6% per annum.

***अथवा / OR***

'अ', 'ब' एवं 'स' एक फर्म में साझेदार हैं और लाभ-हानि को क्रमशः $\frac{1}{2}, \frac{1}{3}, \frac{1}{6}$ के अनुपात में विभाजित करते हैं। 31 दिसम्बर, 2018 को फर्म की वित्तीय स्थिति विवरण निम्नलिखित है :

**चिट्ठा**

(31 दिसम्बर, 2018)

| दायित्व | | राशि ( ₹ ) | संपत्तियाँ | राशि ( ₹ ) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 19,000 | बैंक में रोकड़ | 2,500 |
| देय बिल | | 5,000 | देनदार | 15,500 |
| संचित निधि | | 12,000 | अंतिम रहतिया | 25,000 |
| पूँजी खाते— | (₹) | | मोटर गाड़ी | 8,000 |
| 'अ' | 40,000 | | मशीनरी | 35,000 |
| 'ब' | 30,000 | | भवन | 45,000 |
| 'स' | 25,000 | 95,000 | | |
| | | 1,31,000 | | 1,31,000 |

'ब' व्यापार से 1 जनवरी, 2019 को पृथक् होता है। आपको निम्नलिखित समायोजन करने हैं :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 18,000 लगाया गया है।

(ii) मशीनरी पर 10% तथा मोटरगाड़ी पर 15% ह्रास लगाना है।



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



(*iii*) स्कंध का मूल्य 20% से और भवन का मूल्य को 10% तक बढ़ाना है।

(*iv*) अशोध्य ऋण कोष को ₹ 1,950 तक बढ़ाना है।

उपर्युक्त व्यवस्था को कार्यान्वित करने के लिए पुनर्मूल्यांकन खाता व 'ब' का पूँजी खाता बनाइए।

*A*, *B* and *C* are partners in a firm, sharing profit and loss in the ratio of $\frac{1}{2}, \frac{1}{3}, \frac{1}{6}$. Their Balance Sheet on 31 December, 2018 is as follows :

**Balance Sheet**

(31 December, 2018)

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 19,000 | Cash at Bank | 2,500 |
| Bills Payable | | 5,000 | Debtors | 15,500 |
| Reserve Fund | | 12,000 | Closing Stock | 25,000 |
| Capital A/c– | (₹) | | Motor Vehicle | 8,000 |
| *A* | 40,000 | | Machinery | 35,000 |
| *B* | 30,000 | | Building | 45,000 |
| *C* | 25,000 | 95,000 | | |
| | | **1,31,000** | | **1,31,000** |

*B* retired on 1st Jan., 2019. Following adjustments are to be made :

(*i*) Firm's goodwill is valued at Rs. 18,000.

(*ii*) Depreciate machinery at 10% and motor vehicle at 15%.

(*iii*) Stock value increased by 20% and building by 10%.

(*iv*) Bad debts reserve increased by ₹ 1,950.

Prepare Revaluation A/c and *B*'s Capital A/c to execute the above adjustments.

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



प्रश्न-17 $X$ लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 10000 अंश निर्गमित किए। इन पर ₹ 30 आवेदन पर, ₹ 40 आबंटन पर, ₹ 10 प्रथम याचना पर एवं ₹ 20 अंतिम याचना पर देय थे। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [8]

$X$ Ltd. issued 10000 shares of ₹ 100 each, payable as ₹ 30 on application, ₹ 40 on allotment, ₹ 10 on first call and ₹ 20 on final call. Assume that all the money were duly received. Pass necessary Journal Entries in the books of company.

***अथवा / OR***

एक कम्पनी ने ₹ 100 वाले 2000, 5% ऋणपत्र निर्गमित किए। ₹ 10 आवेदन पर, ₹ 40 आबंटन पर, ₹ 20 प्रथम याचना पर तथा शेष अंतिम याचना पर देय थे। समस्त राशि प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

A company issued 2000, 5% debentures of ₹ 100 each, amount payable as ₹ 10 on application, ₹ 40 on allotment, ₹ 20 on first call and the balance amount on final call. All the amounts were duly received.

Pass the necessary Journal Entries in the books of company.

## खण्ड-( ब ) / Section-(B)
## वित्तीय विवरणों का विश्लेषण
## (Analysis of Financial Statement)

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

***Instruction*** : Question Nos. **18** and **19** are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

प्रश्न-18 सही विकल्प चुनिए : [1]

Choose the correct option :

तरलता की खबसे कड़ी जाँच होती है :

( अ) चालू अनुपात

( ब) पूर्ण तरलता अनुपात

( स) तरल अनुपात

( द) उपर्युक्त सभी



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



The most rigorous test of liquidity is :

(*a*) current ratio (*b*) absolute liquid ratio

(*c*) liquid ratio (*d*) All of the above

[1]

**प्रश्न-19** वित्तीय विवरणों का मूल्यांकन करना क्या कहलाता है ?

What is called the valuation of financial statement?

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक **20** से **22** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

***Instruction*** : Question Nos. **20** to **22** are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

**प्रश्न-20** रोकड़ प्रवाह विवरण के महत्व की विवेचना कीजिए (कोई *चार*)। [4]

Discuss the importance of cash flow statement (any ***four***).

***अथवा / OR***

रोकड़ प्रवाह विवरण की सीमाएँ लिखिए (कोई *चार*)।

Write the limitations of cash flow statement (any ***four***).

**प्रश्न-21** निम्न जानकारी से प्रचालन से प्राप्त रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए : [4]

| **विवरण** | **31-3-2018 (₹)** | **31-3-2017 (₹)** |
|---|---|---|
| लाभ-हानि विवरण के अनुसार शेष | 54,750 | 27,000 |
| व्यापारिक प्राप्तियाँ | 11,250 | 13,950 |
| अदत्त व्यय | 10,200 | 17,850 |
| पेटेण्ट | — | 18,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 14,000 | 12,000 |
| व्यापारिक देयताएँ | 32,000 | 44,000 |

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com


Calculate Cash Flow from operating activities with the help of the following information :

| Particulars | 31-3-2018 (₹) | 31-3-2017 (₹) |
|---|---|---|
| Balance in Statement of Profit and Loss | 54,750 | 27,000 |
| Trade Receivables | 11,250 | 13,950 |
| Outstanding Expenses | 10,200 | 17,850 |
| Patents | – | 18,000 |
| Prepaid Expenses | 14,000 | 12,000 |
| Trade Payables | 32,000 | 44,000 |

***अथवा / OR***

निम्नलिखित विवरणों से प्रचालन से प्राप्त रोकड़ की गणना कीजिए :

| विवरण | वर्ष 2020 (₹) | वर्ष 2019 (₹) |
|---|---|---|
| देनदार | 15,000 | 12,000 |
| अदत्त व्यय | 3,000 | 1,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 2,000 | 2,500 |
| लेनदार | 13,000 | 15,000 |

वर्ष 2020 के दौरान लाभ हुआ ₹ 25,000

From the following information, calculate cash from operating activities :

| Particulars | Year 2020 (₹) | Year 2019 (₹) |
|---|---|---|
| Debtors | 15,000 | 12,000 |
| Outstanding Expenses | 3,000 | 1,000 |
| Prepaid Expenses | 2,000 | 2,500 |
| Creditors | 13,000 | 15,000 |

Profit during the year 2020 is ₹ 25,000


https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com
https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



प्रश्न-22 निम्नलिखित जानकारी से चालू अनुपात की गणना कीजिए : [4]

कुल संपत्ति ₹ 1,00,000, अंशधारी कोष ₹ 60,000, गैर-चालू दायित्व ₹ 20,000, गैर चालू संपत्तियाँ ₹ 50,000

From the following information, calculate Current Ratio :

Total Assets ₹ 1,00,000, Shareholder's Fund ₹ 60,000, Non-current Liabilities ₹ 20,000, Non-current Assets ₹ 50,000

***अथवा / OR***

निम्नलिखित सूचना से तरलता अनुपात का परिकलन कीजिए :

चालू दायित्व ₹ 50,000, चालू संपत्तियाँ ₹ 80,000, स्टॉक ₹ 25,000, पूर्वदत्त व्यय ₹ 5,000, देनदार ₹ 30,000

Calculate Liquid Ratio from the following information :

Current Liabilities ₹ 50,000, Current Assets ₹ 80,000, Stock ₹ 25,000, Prepaid Expenses ₹ 5,000, Debtors ₹ 30,000

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है।

***Instruction*** : Question No. 23 is long answer type question. It carries 6 marks.

प्रश्न-23 वित्तीय विश्लेषणों के उद्देश्यों को समझाइए (कोई छः)। [1×6=6]

Discuss the objectives of Financial Analysis (any *six*).

***अथवा / OR***

क्षैतिज विश्लेषण तथा लंबवत् विश्लेषण में अंतर कीजिए। [6]

Distinguish between Horizontal Analysis and Vertical Analysis.



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



## खण्ड-( स ) / Section-(C)

## कम्प्यूटर लेखांकन

## (Computer Accounting)

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

*Instruction* : Question Nos. **18** and **19** are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

**प्रश्न-18** सही विकल्प चुनिए :

Choose the correct option : [1]

निम्नलिखित में से कौन-सा हार्डवेयर है ?

(*अ*) MS ऑफिस (*ब*) ग्राफिक्स

(*स*) मॉनीटर (*द*) फोटोशॉप

Which of the following is hardware?

(*a*) MS Office (*b*) Graphics

(*c*) Monitor (*d*) Photoshop

**प्रश्न-19** DBMS का पूरा नाम लिखिए। [1]

Write the full name of DBMS.

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

*Instruction* : Question Nos. **20** to **22** are short answer type questions. Each question carries 4 marks. https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-20** हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में अंतर स्पष्ट कीजिए ( कोई ***चार***)। [1×4=4]

Distinguish between Hardware and Software (any ***four***).

***अथवा / OR***

कम्प्यूटर व कैलकुलेटर में अंतर स्पष्ट कीजिए ( कोई ***चार***)।

Differentiate between Computer and Calculator (any ***four***).



https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-21** कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के दोष समझाइए (कोई **चार**)। [1×4=4]

Discuss the disadvantages of Computerized Accounting System (any ***four***).

***अथवा / OR***

लेखांकन में कम्प्यूटर की भूमिका बताइए। [4]

Write the role of computer in accounting.

**प्रश्न-22** डाटाबेस की आवश्यकता लिखिए (कोई **चार**)। [1×4=4]

Write the necessity of Database (any ***four***).

***अथवा / OR***

डाटाबेस प्रबंध प्रणाली के कार्य लिखिए (कोई **चार**)।

Write the functions of Database Management System (any ***four***).

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं।

***Instruction*** : Question No. 23 is long answer type question. It carries 6 marks.

**प्रश्न-23** इलेक्ट्रॉनिक विस्तार पत्र की विशेषताएँ लिखिए (कोई **छः**)। [1+1+1+1+1+1=6]

Write the characteristics of Electronic Spreadsheet (any ***six***).

***अथवा / OR***

पे-रोल की गणना में प्रयुक्त होने वाले मूल तत्व क्या हैं (कोई **छः**) ?

What are the main elements of Payroll Calculation (any ***six***)?

..........

**https://www.cgboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com

https://www.cgboardonline.com